राष्ट्रीय डेंगू दिवस

साफ-सफाई में लापरवाही पड़ सकती है भारी

# डेंगू जैसी बीमारी पर जागरूकता जरूरी



**नवभारत, जबलपुर।** प्रति वर्ष आज यानि 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य लोगों को डेंगू जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना और समय रहते बचाव के उपाय अपनाने के लिए प्रेरित करना है। गर्मी और बारिश के बीच बदलते मौसम में शहर में डेंगू का खतरा लगातार बढ़ने लगता है। ज्ञात हो कि डेंगू फैलाने वाला एडीज मच्छर साफ पानी में पनपता है। घरों के आसपास जमा पानी, खुले कूलर, टायर, गमले और नालियों में रुका पानी मच्छरों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करता है।

### बरतनी चाहिए विशेष सावधानी

गोरखपुर हेल्थ होम के डॉक्टर जी. एस. कल्चुरी ने बताया यदि समय रहते सफाई और सावधानी नहीं बरती गई तो आने वाले दिनों में डेंगू के मामले बढ़ सकते हैं। इसी बीच नवभारत द्वारा दो दिन पूर्व अब्दुल हमीद वार्ड में फैली गंदगी, साफ-सफाई की कमी और नालियों की बदहाल स्थिति को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित की गई थी। क्षेत्रवासियों का कहना था कि कई जगहों पर नालियों की समय पर सफाई नहीं होती, जिससे गंदा पानी जमा रहता है और शाम होते ही मच्छरों का आतंक बढ़ जाता है।

### होंगे गंभीर परिणाम

राष्ट्रीय डेंगू दिवस लोगों को केवल बीमारी के प्रति जागरूक करने का दिन नहीं, बल्कि प्रशासन को भी अपनी जिम्मेदारी याद दिलाने का अवसर है। यदि समय रहते सफाई व्यवस्था, जलभराव और मच्छरों की समस्या पर गंभीरता से काम नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### इनका कहना है



डेंगू एक गंभीर वायरल बीमारी है, लेकिन समय पर पहचान और सावधानी से इससे बचाव संभव है। बिना डॉक्टर की सलाह दवा लेने से बचना चाहिए।

**डॉ.जीएस कल्चुरी**



डेंगू के मरीज़ ज़्यादातर जुलाई, अगस्त और सितंबर में मिलते है थोड़ा भी बुखार आए जैसे 98, 99 तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

**रेशमा कुरैशी, नर्स**

## ईआरपी सिस्टम की विसंगतियों पर यूनियन ने जताया कड़ा आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** आयुध निर्माणी खमरिया की यूनियनों की मुख्य महाप्रबंधक के साथ 60 वीं बैठक में कर्मचारियों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से ईआरपी सिस्टम के कारण वेतन भुगतान में आ रही विसंगतियों को लेकर यूनियन प्रतिनिधियों ने भारी नाराजगी और आक्रोश व्यक्त किया। समस्याओं के समाधान के लिए अब प्रतिनिधिमंडल एमआईएल हेडक्वार्टर जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में स्टाफ साइड के प्रतिनिधियों के रूप में सुरक्षा कर्मचारी यूनियन के महामंत्री आनंद शर्मा, प्रभारी अध्यक्ष राकेश रंजन, संयुक्त महामंत्री अनिल गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं यूनियन के अखिलेश पटेल, राकेश शर्मा,हृदेश यादव, अनुपम भौमिक,संतोष कुमार,धर्मेंद्र रजक,जीजो जैकब, महेंद्र रजक, मुकेश विनोदिया, प्रकाश ठाकुर, अजीत यादव, जीवन सिंह, रामबाबू मीना, अजब सिंह भात्रा,मुकेश कुमार ने मुख्य महाप्रबंधक द्वारा किए गए कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।





## विक्टोरिया अस्पताल में नि:शुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर जिला जबलपुर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन कोठारी के मार्गदर्शन में शुक्रवार सुबह 11:30 बजे जिला चिकित्सालय विक्टोरिया, जबलपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आर.बी.एस.के.) के अंतर्गत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष नि:शुल्क ईको जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन मैट्रो हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के सहयोग से किया गया। शिविर में प्रसिद्ध पिडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. के.एल. उमामहेश्वर द्वारा जबलपुर जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए 35 बच्चों की नि:शुल्क ईको जांच एवं विशेषज्ञ परीक्षण किया गया। जांच के बाद 15 बच्चों को गंभीर हृदय रोग से ग्रसित पाए जाने पर तत्काल सर्जरी एवं उपचार हेतु चिन्हित किया गया।

इनमें से 11 बच्चों का उपचार मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना एवं आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मैट्रो हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर, जबलपुर में पूर्णत: नि:शुल्क कराया जाएगा, जबकि 4 बच्चों को उन्नत उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर किया गया है।

### डीईआईसी टीम जबलपुर के प्रयास सराहनीय

जबलपुर जिले के डीईआईसी केन्द्र ने अहम भूमिका निभाते हुए उत्कृष्ट कार्य किया। डीईआईसी टीम जबलपुर के सतत प्रयासों एवं समन्वय के कारण दूरस्थ क्षेत्रों से बच्चों को चिन्हित कर शिविर तक पहुंचाया गया, जिससे अनेक जरूरतमंद बच्चों को समय पर हृदय उपचार का अवसर मिल सका। उक्त शिविर में उक्त शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. अमजद खान, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. के.के. वर्मा, मेट्रो प्राइम अस्पताल के डॉ. के.एल. उमामहेश्वर, सुभाष शुक्ला, रत्नेश गोस्वामी, डी.ई.आई.सी. टीम, मैट्रो हॉस्पिटल की टीम एवं समस्त आर.बी.एस.के. टीम, जिला जबलपुर उपस्थित रही।

### एक नजर में



#### विशेष सेवा के लिए 100 से अधिक सेवादार सम्मानित

**नवभारत, जबलपुर।** शुक्रवार को जी. सी. एफ. गुरुद्वारे में जेठ महीने की संगरांद मनाई गई। आयोजन के तहत शब्द कीर्तन और सरबत दे भले की अरदास के बाद अपनी विशिष्ठ सेवाएं देने वाले 100 से अधिक सेवादारों को प्रबंधक कमेटी ने सम्मानित किया। विदित हो कि आजादी से पहले सर्वप्रथम जी. सी. एफ. गुरुद्वारे में बैसाखी का पर्व मनाया गया था। तभी से प्रतिवर्ष वाहेगुरु जी की मेहर से यह उत्सव पूरी आस्था और उमंग के साथ मनाया जाता आ रहा है। अंत में जी. सी. एफ. प्रबंधक कमेटी ने गुरुद्वारा मदनमहल की प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त किया।




#### हैल्पिंग एसोसिएशन ने विद्यार्थी की वार्षिक फीस कराई जमा

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर हैल्पिंग एसोसिएशन द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल माध्यमिक शाला कछपुरा में चंद्रकिशोर मोदी के सौजन्य से जरूरतमंद विद्यार्थी की वार्षिक फीस जमा कराई। इस अवसर पर चंद्रकिशोर मोदी, कामना मोदी, राजेन्द्र वर्मा, सुरेन्द्र वर्दे, संदीप गौर एवं शाला के अध्यापक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



#### दिव्यांगजनों को नि:शुल्क कृत्रिम अंग वितरण करने शिविर शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर, संस्कार सेवा उत्सव समिति, रोटरी क्लब वेस्ट जबलपुर एवं सेवा भारती महाकौशल के संयुक्त तत्वावधान में 'दिव्यांगता मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत आयोजित नि:शुल्क कृत्रिम अंग (हाथ-पैर) एवं कैलिपर्स वितरण शिविर का शुभारंभ शुक्रवार को जबलपुर में सफलतापूर्वक हो गया।स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस शिविर में पहले ही दिन बड़ी संख्या में दिव्यांगजन पहुंचे। विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण कर लगभग 50 जरूरतमंद दिव्यांगजनों का पंजीयन एवं मापन किया गया, जिन्हें आगामी चरण में नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स प्रदान किए जाएंगे। यह शिविर 15 से 17 मई 2026 तक होम साइंस रोड, सांसद कार्यालय के बाजू वाली गली, सी. वी. सलून के सामने, श्रीराम फाइनेंस के सामने, जबलपुर में प्रतिदिन प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। संस्कार सेवा उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. सुधांशु गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस अवसर पर आत्माराम (संगठन मंत्री), डॉ. संजय खन्ना (अध्यक्ष, रोटरी क्लब वेस्ट जबलपुर), राजेश गुप्ता, दिनेश गुप्ता, कुमार सदानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे एवं सेवा कार्य में सहभागिता निभाई।

#### कांग्रेस आज निकालेगी विशाल मशाल जुलूस

**नवभारत,जबलपुर।** शहर कांग्रेस कमेटी 16 मई को शहर में विशाल मशाल जुलूस निकालेगी। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर प्रदेश के समस्त जिलों में नीट परीक्षा पेपर लीक प्रकरण एवं लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ के विरोध में मशाल जुलूस आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जबलपुर शहर कांग्रेस द्वारा भी विद्यार्थियों के हितों की रक्षा, दोषियों पर कठोर कार्रवाई तथा पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था की मांग को लेकर 16 मई शनिवार शाम 6:30 बजे विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस रसल चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से प्रारंभ होकर राजीव गांधी चौक तक निकाला जाएगा।

## जबलपुर रेलवे स्टेशन की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने विचार विमर्श

सांसद ने पमरे के महाप्रबंधक से की मुलाकात



**नवभारत,जबलपुर।** शुक्रवार को सर्किट हाउस क्रमांक 1 में सांसद (लोकसभा) जबलपुर आशीष दुबे की पमरे महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जबलपुर मंडल एवं क्षेत्रीय रेल विकास से जुड़े विभिन्न यात्री सुविधाओं, अधोसंरचना विकास तथा रेल परिचालन संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस बैठक में जबलपुर रेलवे स्टेशन की हैंडलिंग क्षमता बढ़ाने, कोचिंग मेंटेनेंस सुविधाओं के विकास तथा यात्रियों से संबंधित पूर्ण एवं प्रस्तावित कार्यों की सूची तैयार कर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में सांसद ने मदन महल एवं जबलपुर रेलवे स्टेशनों पर ओपन एरिया में टीन शेड एवं पर्याप्त कवरिंग की व्यवस्था किए जाने, पार्किंग व्यवस्था में सुधार हेतु एंट्री एवं एग्जिट मार्ग पृथक किए जाने तथा यात्रियों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही शहपुरा के समीप रोड ओवर ब्रिज मरम्मत कार्य के कारण उत्पन्न यातायात समस्याओं पर भी चर्चा हुई।

### गरीब रथ ट्रेनों की संख्या बढ़ाने मंथन

इस संबंध में वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था एवं जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई करने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त जबलपुर स्टेशन से गरीब रथ ट्रेनों की संख्या एवं स्टॉपेज बढ़ाने, जबलपुर-दमोह रेल कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने तथा पुणे जाने वाली ट्रेनों के फेरे बढ़ाकर नियमित संचालन किए जाने के विषय पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान संबंधित विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



## कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में श्याम सोलंकी को शहर की जिम्मेदारी

**नवभारत,जबलपुर।** कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ में श्याम सोलंकी को शहर की जिम्मेदारी दी गई है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार संगठन प्रभारी महासचिव डॉक्टर संजय कामले एवं कांग्रेस प्रकोष्ठों के प्रभारी माननीय महेंद्र सिंह चौहान की सहमति एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्ष निकेश चौहान तथा कार्यवाहक अध्यक्ष पहलाद महावर के द्वारा जबलपुर उत्तर मध्य क्षेत्र के पूर्व विधायक विनय सक्सेना के आग्रह पर श्याम सोलंकी की झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जबलपुर शहर में नियुक्त किया गया। नियुक्ति होने के बाद उनके समर्थकों में उत्साह का वातावरण है।शुक्रवार को उत्तर मध्य क्षेत्र के पूर्व विधायक विनय सक्सेना के कार्यालय में श्याम सोलंकी का स्वागत किया गया।स्वागत कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनय सक्सेना, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरुण पवार, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री अशोक यादव,जबलपुर कांग्रेस सेवा दल के प्रवक्ता जितेंद्र यादव ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुन्ना सेन, अनिल गुप्ता ,आलोक गुप्ता, प्रिंस सलूजा, सुमन जैन ,सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## बच्चों ने सीखीं कलात्मक विधाएं

वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**नवभारत, जबलपुर।** सिविल लाइन स्थित वेब मेमोरियल नर्सरी स्कूल में 4 वर्ष से 10 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आयोजित 15 दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ। इस कैंप में बच्चों को ड्राइंग, पेंटिंग, स्केचिंग, रंगोली, मेहंदी, ग्रीटिंग कार्ड और कैलीग्राफी जैसी विभिन्न विधाएं सिखाई गईं। समर कैंप के दौरान प्रियंका जैन की विशेष भागीदारी रही, जिन्होंने बच्चों को बेहद सरल तरीकों से इन कलाओं को सिखाया। इस अवसर पर रूमा बैनर्जी, नीति श्रीवास्तव, अर्पिता सिंह, अशोक विश्वकर्मा सहित स्कूल का समस्त स्टाफ और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रूमा बैनर्जी ने बताया, 'इस प्रकार समर कैंप लगाने से बच्चों में छुपी प्रतिभा का पता चलता है बच्चे अपने हिसाब से कुछ-कुछ सीखते हैं।' उन्होंने सभी अभिभावक और शिक्षकों का धन्यवाद दिया कि 'इतनी भीषण गर्मी में आपने तपस्या की है और अपने बच्चों को कुछ नया सीखने का मौका दिया और उनका हौसला बढ़ाया।'

## अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् महाकौशल प्रांत की बैठक खजुराहो में

**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद् महाकौशल प्रांत की बैठक 17 मई दिन रविवार को खजुराहो में आयोजित की गई है । बैठक में महाकौशल प्रांत के पदाधिकारी एवं समस्त जिला एवं उच्च न्यायालय के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ।प्रांत मीडिया प्रभारी सचिन अग्रवाल ने बताया कि एक दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय मंत्री विक्रम दुबे , राष्ट्रीय परिषद सदस्य दीपेंद्र कुशवाहा क्षेत्र संयोजक प्रदीप कुमार सिंह राष्ट्रीय कार्यपरिषद सदस्य तेज कुमार जी मोढ़ , प्रमोद सक्सेना ,शिशर श्रीवास्तव, अर्जुन सेंधवा सहित उच्च न्यायालय जबलपुर के अध्यक्ष हरीश अग्निहोत्री महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष रमेश पटेल सहित वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। बैठक में संगठनात्मक सहित अन्य विषयों में चर्चा होगी ।बैठक की व्यवस्था जिला छतरपुर इकाई एवं तहसील इकाई राजनगर के द्वारा संयुक्त रूप की गई है।

## मेदांता के विशेषज्ञों ने रोबोटिक सर्जरी से किडनी कैंसर के इलाज में जगाई उम्मीद

**नवभारत,जबलपुर।** मेदांता के विशेषज्ञों ने रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से किडनी कैंसर के उपचार में नई उम्मीद जगाई है। जानकारी के अनुसार राकेश एक व्यस्त जीवन जी रहे थे, जहां वे अपने काम और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे थे। इस भागदौड़ में, वे अक्सर अपनी सेहत की अनदेखी कर देते थे। लेकिन एक दिन, उनकी पत्नी और बच्चों के लगातार अनुरोध पर, 48 वर्षीय राकेश ने अंतत: नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने का फैसला किया। परिणामों ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया - परीक्षणों से पता चला कि उनकी बाईं किडनी में एक छोटा ट्यूमर है, जो अंग की रक्त आपूर्ति के बेहद करीब स्थित है।

हालांकि, एक छोटी सी राहत की बात यह थी कि ट्यूमर का पता जल्दी चल गया था और वह बहुत छोटा था, और डॉक्टरों ने राकेश को एक ऐसी प्रक्रिया कराने का सुझाव दिया जिसमें केवल ट्यूमर को हटाया जाए, जिससे प्रभावित किडनी के स्वस्थ हिस्से को सुरक्षित रखा जा सके। सभी आवश्यक आकलनों के बाद, राकेश की रोबोटिक-सहायता प्राप्त पार्शियल नेफ्रेक्टोमी की गई, और कुछ ही दिनों के भीतर, वे आराम से चलने-फिरने में सक्षम हो गए और घर लौट आए। उनकी रिकवरी उम्मीद से कहीं अधिक तेजी से हुई। चिकित्सा प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति की बदौलत, गुरुग्राम स्थित मेदांता- द मेडिसिटी के अत्यधिक अनुभवी विशेषज्ञ, जिसे न्यूजवीक ने 2026 में भारत का सर्वश्रेष्ठ अस्पताल घोषित किया था, किडनी सर्जरी सहित कई प्रकार की जटिल प्रक्रियाओं को करने के लिए रोबोटिक सिस्टम का उपयोग करते है।

### संकेतों को न करें नजरअंदाज

डॉ. अहलूवालिया ने सर्जरी के बाद रिकवरी केयर के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, 'मरीजों को पर्याप्त पानी पीना चाहिए, पौष्टिक भोजन करना चाहिए, धूम्रपान और शराब से परहेज करना चाहिए और अपने डॉक्टरों की सलाह के अनुसार धीरे-धीरे शारीरिक गतिविधि बढ़ानी चाहिए। उचित उपचार के लिए कई हफ्तों तक भारी सामान उठाने और ज़ोरदार व्यायाम से बचना चाहिए।' उन्होंने लोगों को यह सलाह भी दी कि वे पेशाब में खून आना, पीठ या बाजू में लगातार दर्द, बिना किसी स्पष्ट कारण के वजन कम होना, असामान्य थकान या बार-बार बुखार आने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि ये कभी - कभी किडनी की बीमारी या किडनी कैंसर के चेतावनी संकेत हो सकते हैं।

मुलाकात

उर्जा सचिव का मप्र विद्युत कर्मचारी संघ ने किया अभिनंदन

## बिजली उपभोक्ताओं व कर्मचारियों के प्रति शासन संवेदनशील है : गढ़पाले



**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा सचिव एवं सीएमडी पावर मैनेजमेंट कंपनी विशेष गढ़पाले ने मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक और प्रतिनिधि मंडल द्वारा किए गए अभिनंदन, चर्चा के दौरान कहा कि राज्य शासन, ऊर्जा विभाग, बिजली कंपनियों का सर्वोच्च प्राथमिकता है कि राज्य के सभी श्रेणियों के बिजली उपभोक्ताओं को उनके लिए निर्धारित बिजली की सतत् गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति हो। शासन, ऊर्जा मंत्री बिजली कंपनियों में कार्यरत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों, पेंशनर्स के प्रति संवेदनशील है और सकारात्मक सोच के साथ सभी श्रेणियों के कार्मिकों के हित में लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। श्री गढ़पाले ने ये भी कहा कि फेडरेशन द्वारा कर्मचारियों की समस्यायों के संबंध में दिए गए पत्र पर नियमानुसार कार्यवाही होगी।


फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी पी पाठक ने मुख्यमंत्री , ऊर्जा मंत्री , अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मण्लोई ,ऊर्जा सचिव एवं सभी एम डी द्वारा बिजली कंपनियों में कार्यरत सभी श्रेणियों के कर्मचारियों और पेंशनर्स के हित में लगातार लिए जा रहे निर्णयों और अभी हाल ही में लाइन परिचारकों की सेवा निवृत्त आयु 55 बर्ष से बढ़ाकर 62 बर्ष करने,वेतन विसंगति दूर करने के प्रति सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा सचिव विशेष गढ़पाले जी का फेडरेशन के प्रतिनिधि मंडल के साथ शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।

### कुछ इस तरह की हैं मांगें

राकेश डी पी पाठक ने ऊर्जा मंत्री से आग्रह किया कि संविदा आधार पर हुई अनुकंपा नियुक्ति के सभी कर्मचारियों को बिना शर्त नियमित करने का कष्ट करें। अनुकम्पा नियुक्ति में कार्यालय सहायक तीन का पद यथावत रखा जाए, कंपनियों में कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी, संविदा कर्मचारियों को वन टाईम गृह जिला स्थानांतरण हेतु नीति बनाई जाए, शिक्षा प्राप्त कार्मिक लाइन परिचारक एवं परीक्षण सहायक को होने वाली सीधी भर्ती में कनिष्ठ अभियंता (वितरण) के पद आरक्षित करने एवं कार्मिक परीक्षा देने हेतु पात्र किये जाए। इसके साथ ही राकेश पाठक ने मुख्यमंत्री, ऊर्जा मंत्री, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, सीएमडी,पावर मैनेजमेंट कंपनी से अनुरोध करते हुए कहा कि महोदय बिजली कंपनियों में कार्यरत एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पेंशन की गारंटी राज्य सरकार लेने की कृपा करें।

## आज से शुरू होगा तिलवारा घाट शनिधाम में दो दिवसीय महोत्सव

शनि जयंती पर महाभिषेक के साथ लगेंगे 56 भोग



**नवभारत,जबलपुर।** हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को शनि जन्मोत्सव का पर्व मनाया जाता है। इस दिन अमावस्या शनिवार के दिन पड़ रही है, इसलिए यह इस साल की पहली शनिश्चरी अमावस्या है। इस श्री शनि देव प्राकटोत्सव के शुभ अवसर पर तिलवारा स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और दिव्य 56 भोग के साथ दो दिवसीय भव्य महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव के तहत 16 मई को श्री रामचरित मानस पाठ विश्राम और शाम 6 बजे शनि महाभिषेक किया जाएगा। इसके साथ ही मथुरा वृंदावन से आए महाराज द्वारा निर्मित 56 भोग अर्पण, पुष्प श्रृंगार, दिव्य आरती और पूरे दिन सरसों तेल से बने विशेष भंडारे का आयोजन किया गया है। शाम 8 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक दीपक मेहता एवं कलाकारों द्वारा शनि गाथा की संगीतमय प्रस्तुति दी जाएगी।

### अमावस्या पर ग्रहों और नक्षत्रों का दुर्लभ शुभ संयोग

मंदिर के व्यवस्थापक पं. सतीश तिवारी ने बताया कि इस साल शनि जयंती का पर्व बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि श्री शनि जन्मोत्सव, वट सावित्री अमावस्या और शनिश्चरी अमावस्या का शुभ संयोग बन रहा है। वैदिक पंचांग के अनुसार, इस दिन भरणी और कृतिका नक्षत्र के साथ 'बुधादित्य' और 'केदार योग' बन रहा है। शनि जयंती पर शनिदेव की पूजा करने से साढ़ेसाती और शनि की पीड़ा से छुटकारा मिलता है। इस दिन पवित्र स्थानों एवं नर्मदा घाटों में श्रद्धालुओं द्वारा पुण्य की डुबकी लगाई जाएगी। श्री शनिधाम तिलवारा में विधि विधान से पूजन अर्चन करने का आग्रह पं. सतीश जी महाराज, पं. अनिल मिश्रा, नितिन शर्मा, विध्येश भापकर, नितिन भाटिया, संजय तिवारी, शुभम तिवारी, सोनू कुररिया, हितेश पटेल, विवेक पाण्डेय, सचिन खटीक, ब्रजेश कुशवाह और प्रहलाद बंसल ने किया है।